भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर202) 1202-2(

कक्षा 10	**विषय- हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)**	**Date -**
प्रश्न बैंक (MCQ)	**बड़े भाई साहब**	**Note: Please file in portfolio.**

नाम:__________________________अनुभाग:_____अनुक्रमांक:_____दिनांक:____________

1.बड़े भाई साहब छोटे भाई से उम्र में कितने बड़े थे ?

(i)दो साल (ii) दस साल

(iii)पाँच साल (iv) तीन साल

2.बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे ?

(i)फुटबॉल खेलते थे । (ii)पतंग उड़ाते थे ।

(iii)किताब के हाशियों पर चित्र बनाते थे । (iv)गाना सुनते थे ।

3.कथानायक की रुचि किन कार्यों में थी ?

(i)किताबें पढ़ने में (ii)सैर करने में

(iii)खेल-कूद और पतंगबाजी में (iv)पत्र लिखने में

4.बड़े भाई साहब कौन-सी कला में माहिर थे ?

(i)चित्र कला (ii) उपदेश की कला

(iii) संगीत (iv)नृत्य कला

5.छोटे भाई के मन में कौन-सी कुटिल भावना उत्पन्न हुई ?

(i) बड़े भाई के बीमार होने की (ii) बड़े भाई के वापस गाँव चले जाने की

(iii)बड़े भाई के अगले साल भी फेल हो जाने की (iv) इनमें से कोई नहीं

6. 'बड़े भाई साहब'-पाठ के लेखक हैं -

(i) मुंशी प्रेमचंद (ii) जयशंकर प्रसाद

(iii)हरिवंश राय बच्चन (iv) इनमें से कोई नहीं

7.अभिमान के बारे में बताते हुए बड़े भाई साहब ने किसका उदाहरण दिया ?

(i) रावण, कर्ण , शाहेरूम (i) शाहेरूम, कबीर , दुर्योधन

(iii) रावण, दशरथ , हनुमान (iv)रावण , शैतान , शाहेरूम

8. पहले ही दिन टाइम टेबल की अवहेलना शुरू हो जाती,क्योंकि

(i) छोटा भाई सो जाता था। (ii) घर के कामों में व्यस्त रहता था।

(iii)मैदान की सुखद हरियाली और खेल-कूद उसे खींच ले जाती (iv)इनमें से कोई नहीं।

9.इस पाठ में लेखक ने समूची शिक्षा के किस तौर-तरीके पर व्यंग्य किया है ?

(i) खेल-कूद का महत्त्व (ii)रटंत प्रणाली

(iii) अंग्रेज़ी भाषा की विशेषता (iv)अतिरिक्त विषय

10.छोटे भाई को अपने पास होने की ख़ुशी आधी हो गई , क्योंकि

(i) वह कक्षा में प्रथम नहीं आ पाया। (ii)बड़े भाई साहब फ़ेल हो गए।

(iii) अध्यापक ने उसे डाँटा। (iv)बड़े भाई साहब ने उसे डाँटा।

11. भाई साहब को किस बात का जन्म सिद्ध अधिकार था ?

(i)अध्ययनशील बने रहने का (ii) छोटे भाई को डाँटने-डपटने का

(iii)हर कक्षा में दो-तीन बार फ़ेल होने का (iv) दादा की कमाई बर्बाद करने का

12.बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ?

(i) किताबें पढ़ने से (ii) अनुभव रुपी ज्ञान से

(iii) डिग्रियाँ प्राप्त करने से (iv) विद्यालय जाने से

13. बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे ?

(i)दिन - रात पढ़ाई करने की (ii) समय पर खाने-पीने की

(iii) गली के लड़कों के साथ खेलने की (iv) अपना काम स्वयं करने की

14. . छोटे भाई को अपनी लघुता का अनुभव कब हुआ ?

(i)जब परीक्षा का परिणाम निकला (ii) जब बड़े भाई ने रावण का उदाहरण दिया

(iii) जब बड़े भाई साहब ने थप्पड़ दिखाया (iv) जब शिक्षक ने डाँटा

15.अनुभव ज्ञान के महत्त्व के बारे में बताते हुए,बड़े भाई साहब ने इनका उदाहरण लिया -

(i) अम्माँ (ii) हेड मास्टर की बूढ़ी माँ

(iii) दादा (iv) उपर्युक्त तीनों

(**उत्तर** - 1.(iii) 2. (iii) 3. (iii) 4.(ii) 5. (iii) 6.(i) 7. (iv) 8. (iii) 9. (ii) 10. (ii) 11. (ii)
12. (ii) 13. (i) 14.(iii) 15. (iv)